I. उत्पादन

भारतीय अर्थव्यवस्था, जिसमें 2009-10 की दूसरी छमाही में तेज सुधार दर्शाया था, में 2010-11 की पहली तिमाही में वृद्धि में और मजबूती आई। सामान्य मानसून के आधार पर, खरीफ बुवाई और उत्पादन अनुमान के प्रमुख आंकड़े 2010-11 में कृषि क्षेत्र में वृद्धि का अधिक प्रवृत्ति दर दर्शाते हैं। औद्योगिक वृद्धि मजबूत बनी रही, हालांकि उसमें काफी अस्थिरता थी। सेवा कार्यों के प्रमुख संकेतक तेजी जारी रहने की ओर संकेत करते हैं। आगे, जहां सेवा क्षेत्र और कृषि की वृद्धि दरें उच्च रहने की संभावना है, वहींक्र औद्योगिक क्षेत्र में हाल के उछाल के लिए आपूर्ति बाधाओं से मुक्ति, विशेष रूप से बुनियादी सुविधा क्षेत्र में और निजी मांग में लगातार तेजी आवश्यक होगी।

I.1 सीएसओ द्वारा जारी अनुमानों के अनुसार, 2010-11 की पहली तिमाही में वास्तविक जीडीपी वृद्धि 8.8 प्रतिशत रखी गई जो कि 2007-08 की तीसरी तिमाही से अब तक दर्ज की गई उच्चतम तिमाही वृद्धि है। 2010-11 की पहली तिमाही में वृद्धि में बढ़त का एक भाग अनुकूल आधार प्रभाव के कारण होने के बावजूद, यह मुख्यत: सुधार में वृद्धि दर्शाता है। वास्तविक जीडीपी वृद्धि व्यापक आधारित थी जिसमें सभी प्रमुख क्षेत्रों में निष्पादन मजबूत था (सारणी I.1)। कृषि और संबंधित कार्यों में पिछली चार तिमाहियों में तेजी बनी रही जिसमें संबंधित कार्यों में हुई तेज वृद्धि प्रमुख थी। औद्योगिक क्षेत्र की वृद्धि पिछली दो तिमाहियों की तुलना में कम होने के बावजूद, लगातार दो अंकी बनी रही जो प्राथमिक रूप से पूंजीगत माल और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं के उत्पादन में तेजी दर्शाती है। सेवा क्षेत्र की वृद्धि में 2010-11 की पहली तिमाही में तेजी आई।

सारणी I.1 : जीडीपी की क्षेत्रवार वृद्धि दर (2004-05 मूल्य)

(प्रतिशत)

मद	2008-09 *	2009-10 #	2009-10				2010-11
			ति1	ति2	ति3	ति4	ति1
1	2	3	4	5	6	7	8
1. कृषि और संबद्ध कार्यकलाप	1.6	0.2	1.9	0.9	-1.8	0.7	2.8
2. उद्योग	**3.1**	**10.4**	**4.6**	**9.0**	**12.3**	**15.1**	**11.4**
2.1 खनन और उत्खनन	1.6	10.6	8.2	10.1	9.6	14.0	8.9
2.2 विनिर्माण	3.2	10.8	3.8	9.1	13.8	16.3	12.4
2.3 विद्युत, गैस और जल आपूर्ति	3.9	6.5	6.6	7.7	4.7	7.1	6.6
3. सेवाएँ	**9.3**	**8.3**	**7.5**	**10.0**	**7.3**	**8.5**	**9.4**
3.1 व्यापार, होटल, रेस्टोरेंट, परिवहन, भंडारण और संचार	7.6	9.3	5.5	8.5	10.2	12.4	12.2
3.2 वित्तपोषण, बीमा, भूसंपदा और व्यावसायिक सेवाएँ	10.1	9.7	11.8	11.5	7.9	7.9	8.0
3.3 सामुदायिक, सामाजिक और व्यक्तिगत सेवाए	13.9	5.6	7.6	14.0	0.8	1.6	6.7
3.4 निर्माण	5.9	6.5	4.6	4.7	8.1	8.7	7.5
4. कारक लागत पर सकल देशी उत्पाद	**6.7**	**7.4**	**6.0**	**8.6**	**6.5**	**8.6**	**8.8**

* : त्वरित अनुमान। # :संशोधित अनुमान।

स्रोत: केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन।

कृषि की स्थिति

I.2 दक्षिण-पश्चिम मानसून के मौसम (जून से 30 सितंबर 2010) के दौरान संचयी वास्तविक क्षेत्र भारांकित वर्षा दीर्घावधि औसत (एलपीए) से 2 प्रतिशत अधिक था जबकि पिछले वर्ष यह एलपीए से 22 प्रतिशत कम था। 36 मौसमी उप प्रभागों में से 31 उप प्रभागों में संचयी वर्षा अधिक/सामान्य थी (पिछले वर्ष 13 उप प्रभाग)। किंतु, उत्तर-पूर्वी भारत में वर्षा कम हुई (चार्ट I.1)। 21 अक्तूबर 2010 को देश के 81 प्रमुख जलाशयों में कुल उपयोगी जलभंडार पूर्ण जलाशय स्तर के 74 प्रतिशत था (पिछले वर्ष की इसी अवधि में 64 प्रतिशत)।

I.3 सामान्य मानसून के आधार पर, खरीफ 2010-11 के दौरान (22 अक्तूबर तक) बुवाई किया गया क्षेत्र पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में सोयाबिन और

चार्ट I.1: दक्षिण-पश्चिम मानसून पैटर्न



तिल को छोड़कर अन्य सभी फसलों की श्रेणियों के मामले में बढ़ गया (सारणी I.2)। खरीफ 2010-11 के दौरान बुवाई किया गया क्षेत्र 2008-09 की तुलना में कुछ ही अधिक था। 2009-10 में काफी कम वर्षा के कारण 2010-11 के निष्पादन की तुलना 2008-09 से करने पर कृषि क्षेत्र की वृद्धि का अच्छा चित्र मिलता है। खरीफ 2010-11 के दौरान दलहन, कपास, गन्ना और सोयाबिन के तहत का एकरेज सामान्य बुवाई क्षेत्र से अधिक रहा है।

I.4 कुल बुवाई क्षेत्र में वृद्धि खरीफ उत्पादन के पहले पूर्वानुमान मे दिख जाती है जो कि जूट, तिल और सोयाबिन को छोड़कर अन्य सभी फसलों के उत्पादन में वृद्धि दर्शाती है। 2010-11 के दौरान कुल खरीफ खाद्यान्न उत्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में 10.4 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है। किंतु, यह वृद्धि पिछले वर्ष, जो कि एक सूखा वर्ष था, के निम्न आधार पर है। 2010-11 के दौरान अनुमानित खरीफ खाद्यान्न उत्पादन (114.6 मिलियन टन) 2007-08 में प्राप्त स्तर (120.9 मिलियन टन) और 2008-09 (118.1 मिलियन टन) से कम ही है।

I.5 कुछ राज्यों, विशेष रूप से झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल में पड़े सूखे के कारण, 2010-11 के दौरान का खरीफ चावल उत्पादन हालांकि पिछले वर्ष से अधिक

सारणी I.2: खरीफ फसल के तहत बुआई क्षेत्र और उत्पादन

(क्षेत्र लाख हेक्टर में और उत्पादन मिलियन टन में)

फ़सल	बुआई				उत्पादन			
	सामान्य	2008-09	2009-10	2010-11*	2007-08	2008-09	2009-10$	2010-11@
1	2	3	4	5	6	7	8	9
चावल	395.10	386.18	332.87	355.12	82.66	84.91	75.91	80.41
			(-13.8)	(6.7)		(2.7)	(-10.6)	(5.9)
कुल मोटा अनाज	222.23	199.85	206.16	212.16	31.89	28.54	23.63	28.23
			(3.2)	(2.9)		(-10.5)	(-17.2)	(19.5)
कुल अनाज	617.33	586.03	539.03	567.28	114.55	113.45	99.54	108.64
कुल दालें	107.94	104.78	104.97	125.32	6.40	4.69	4.30	6.00
जसमें से			(0.2)	(19.4)		(-26.8)	(-8.2)	(39.5)
तूर	35.53	34.58	36.48	44.86	3.08	2.27	2.55	3.27
उड़द	22.82	21.97	22.92	25.54	1.12	0.84	0.85	1.08
मूंग	26.14	24.12	24.79	29.80	1.25	0.78	0.44	0.88
कुल खाद्यान्न	725.27	690.81	644.00	692.60	120.95	118.14	103.84	114.63
			(-6.8)	(7.5)		(-2.3)	(-12.1)	(10.4)
कुल नौ तिलहन	175.72	184.02	174.43	175.49	20.71	17.81	15.66	17.27
जसमें से			(-5.2)	(0.6)		(-14.0)	(-12.0)	(10.3)
मूंगफली	53.81	52.87	44.65	49.84	7.36	5.62	3.66	5.64
तिल	17.76	15.55	17.62	17.06	0.76	0.64	0.66	0.62
सोयाबीन	84.00	96.42	95.82	93.35	10.97	9.91	10.05	9.81
कपास #	90.86	90.92	100.09	108.47	25.88	22.28	23.94	33.50
			(10.1)	(8.4)		(-13.9)	(7.4)	(40.0)
जूट ##	7.85	7.37	6.92	7.59	10.22	9.63	10.70	9.69
			(-6.1)	(9.7)		(-5.7)	(11.1)	(-9.5)
गन्ना	44.97	44.15	42.02	50.60	348.19	285.03	277.75	324.91
			(-4.8)	(20.4)		(-18.1)	(-2.6)	(17.0)
सभी फसलें	1044.67	1017.27	967.46	1034.75				
			(-4.9)	(7.0)				

* : 22 अक्तूबर 2010 की स्थिति। $: चौथा अग्रिम अनुमान। @ : प्रथम अग्रिम अनुमान।
# : 170 कि. ग्रा. प्रत्येक की मिलियन गाठें। ## : 180 कि. ग्रा. प्रत्येक की मिलियन गाठें।
टिप्पणी : कोष्ठकों के आंकड़े पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत परिवर्तन हैं।
स्रोत : कृषि मंत्रालय, भारत सरकार.

अनुमानित है, किंतु यह 2008-09 में प्राप्त रेकार्ड स्तर से कम ही होगा। पंजाब और हरियाणा में बाढ़ तथा धान की पुन: बुवाई में विलंब के चलते भी चावल के उत्पादन पर प्रभाव पड़ा होगा। अत:, अनाज का कुल उत्पादन 2007-08 और 2008-09 में प्राप्त स्तरों से कम हो सकता है। खरीफ उत्पादन में संभाव्य वृद्धि के बावजूद, तिलहन और दलहन संबंधी मांग-आपूर्ति का अंतर बने रहने की संभावना है। वाणिज्यिक फसलों में, केवल कपास ने सर्वकालिक उच्च उत्पादन दर्ज किया है। इससे देशी मूल्य कम होने में मदद नहीं मिली क्योंकि कपास के एक मुख्य उत्पादक और निर्यातक देश पाकिस्तान में आई बाढ़ के कारण अंतरराष्ट्रीय कपास मूल्यों में तेजी बनी हुई थी।

I.6 फलों और साग तथा प्रोटीन आधारित उत्पादों जैसी खाद्य मदों के मामले में मांग-आपूर्ति अंतर मंद आपूर्ति के कारण लगातार बना रहा क्योंकि फसल में कमीं थी और जनसंख्या और आय स्तर में वृद्धि और लोगों के खानपान में बदलाव जैसे कारकों से मांग बढ़ गई थी। इससे मूल्यों पर दबाव आता है। इसके अलावा, निविष्टि लागत में वृद्धि से भी दूध, अंडे और मांस जैसी प्रोटीन मदों के मामले में मूल्य बढ़ गए।

खाद्य प्रबंधन

I.7 2010-11 के दौरान (23 अक्तूबर तक) खाद्यान्न (चावल और गेहूं) की सरकारी खरीद पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में कम थी। अप्रैल-सितंबर 2010 के दौरान औसत मासिक सरकारी खरीद 4.8 मिलियन टन थी जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 5.4 मिलियन टन थी। अप्रैल-जुलाई 2010 के दौरान (यहां तक के आंकड़े उपलब्ध हैं) औसत मासिक उठाव 4.0 मिलियन टन था जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 3.8 मिलियन टन था। यह बात हाल के महीनों में कम होते स्टॉक में देखी जा सकती है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआइ) और अन्य सरकारी संस्थाओं के पास का कुल खाद्यान्न भंडार 1 जून 2010 को 60.9 मिलियन टन था जो कि 1 अक्तूबर 2010 को कम होकर 46.7 मिलियन टन रह गया। चावल और गेहूं का स्टॉक क्रमश: 18.4 मिलियन टन और 27.8 मिलियन टन था जो कि बफर स्टॉक मानदंडों से अधिक था (चार्ट I.2)। उच्च खाद्य मुद्रास्फीति और आपूर्ति आघातों के प्रतिसाद में खाद्य मूल्यों में काफी वृद्धि की गुंजाइश के अननुपातिक व्यापक प्रतिकूल कल्याण प्रभावों को देखते हुए, खाद्य प्रबंधन की नीति में

चार्ट I.2: खाद्य भंडार और इसके निर्धारक



टिप्पणी : 1. उठाव संबंधी आंकड़े जुलाई 2010 तक के लिए उपलब्ध हैं।
2. सरकारी खरीद और उठाव संबंधी आंकड़े संचयी जोड़ हैं।

चार्ट I.3: औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में वृद्धि (साल-दर-साल)



पर्याप्त बफर स्टॉक और बेहतर आपूर्ति प्रबंधन पर ध्यान देना होगा।

औद्योगिक निष्पादन

I.8 औद्योगिक उत्पादन ने हाल कि अवधि में अस्थिरता दर्शाई है हालांकि अक्तूबर 2009 से जुलाई 2010 के दौरान (जून 2010 छोड़कर) वृद्धि दो अंकीय रही है (चार्ट I.3)। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आइआइपी) ने अगस्त 2010 में 5.6 प्रतिशत की कम वृद्धि दर्ज की जबकि अगस्त 2009 में यह 10.6 प्रतिशत थी जिसका मुख्य कारण पूंजीगत माल और उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुओं में नकारात्मक वृद्धि था। अप्रैल 1994 से अगस्त 2010 के दौरान घट-बढ़ के गुणांक द्वारा नापी गई अस्थिरता 1.1 थी जो कि उपयोग-आधारित उद्योगों में सर्वाधिक थी। अस्थिर आइआइपी वृद्धि आधार प्रभाव के कारण भी हो सकती है।

I.9 अप्रैल-अगस्त 2010 के दौरान, उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुओं की वृद्धि 1.6 प्रतिशत पर कम बनी रही जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह (-) 1.1 प्रतिशत थी। खरीफ उत्पादन में सुधार (विशेष रूप से गन्ना) से यह अपेक्षा है कि आगामी महीनों में उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुओं के उत्पादन पर इसका अनुकूल प्रभाव पड़ेगा।

I.10 हाल के महीनों की कुछ कमी के बावजूद, अप्रैल-अगस्त 2010 के दौरान आइआइपी में 10.6 प्रतिशत वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 5.9 प्रतिशत थी। आइआइपी में 79.4 प्रतिशत भारांक वाले विनिर्माण क्षेत्र ने अब भी दो अंकीय वृद्धि दर्ज की। विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि पूंजीगत माल और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं के घटक में वृद्धि से प्रेरित थी (चार्ट I.4 क और ख तथा सारणी I.3)। पूंजीगत माल क्षेत्र की वृद्धि ने जून और

चार्ट I.4 : विनिर्माण वृद्धि के प्रेरक



सारणी I.3 : औद्योगिक उत्पादन सूचकांक : उद्योगों का क्षेत्रवार और उपयोग आधारित वर्गीकरण

(प्रतिशत)

उद्योग समूह	आइआइपी में भारांक	वृद्धि दर			भारांकित अंशदान #		
		अप्रैल-मार्च 2009-10	अप्रैल-अगस्त		अप्रैल-मार्च 2009-10	अप्रैल-अगस्त	
			2009-10	2010-11 अ		2009-10	2010-11 अ
1	2	3	4	5	6	7	8
क्षेत्रवार							
खनन	10.5	9.9	8.0	9.4	6.3	8.8	5.9
विनिर्माण	79.4	10.9	5.6	11.3	88.8	81.8	90.8
बिजली	10.2	6.0	6.5	4.3	4.8	9.3	3.4
उपयोग आधारित							
आधार माल	35.6	7.2	6.2	5.9	20.4	31.7	16.5
पूंजीगत माल	9.3	19.2	3.4	29.0	24.7	7.2	33.1
अधूनिर्मित माल	26.5	13.6	9.3	9.8	32.5	41.5	25.1
उपभोक्ता माल(क+ख)	28.7	7.3	3.6	8.6	22.4	19.7	25.4
क) उपभोक्ता टिकाऊ माल	5.4	26.2	18.8	27.0	19.3	24.5	21.9
ख) उपभोक्ता गैर टिकाऊ माल	23.3	1.3	-1.1	1.6	3.1	-4.9	3.5
सामान्य	**100.0**	**10.5**	**5.9**	**10.6**	**100.0**	**100.0**	**100.0**

अ : अनंतिम। # : : पूर्णांकन के कारण आंकड़े 100 से मेल नही खाएंगे।
स्रोत : केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय।

अगस्त 2010 को छोड़कर, जब यह नकारात्मक हो गई थी, दिसंबर 2009 से उच्च दो अंकीय बढ़त दर्ज की। किंतु, वृद्धि की प्रवृत्ति अस्थिर थी जिसमें जुलाई 2010 में 72 प्रतिशत की तेज वृद्धि हुई थी जबकि अगस्त 2010 में 2.6 प्रतिशत की गिरावट हुई। सामान्य रूप से औद्योगिक क्षेत्र और विशेष रूप से पूंजीगत माल क्षेत्र संबंधी आंकड़ों में उच्च अस्थरता ने यह मामला उठाया कि आंकड़े औद्योगिक क्षेत्र की निहित गति को कितनी प्रभावशीलता से दर्शाते हैं।

I.11 माह-दर-माह मौसमी रूप से समायोजित वार्षिकीकृत वृद्धि दर ने अगस्त 2010 के दौरान आइआइपी के सभी क्षेत्रों में गिरावट दर्शाई (चार्ट I.5)।

I.12 सत्रह उद्योगों में से ग्यारह द्वारा, जिनका आइआइपी में लगभग 51 प्रतिशत भारांक है, अप्रैल-

चार्ट I.5 : माह-दर-माह वार्षिकीकृत मौसमी रुप से समायोजित क्षेत्रीय आइआइपी वृद्धि दरें



चार्ट I.6: विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि का संकेंद्रण



अगस्त 2010 के दौरान पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में अधिक वृद्धि दर्ज करने के बावजूद विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि अब भी व्यापक आधार वाली नहीं हुई हैं। शीर्ष पांच विनिर्माण उद्योगों ने, जिनका आइआइपी में 24.6 प्रतिशत संयुक्त भारांक है, इस अवधि के दौरान समग्र वृद्धि में लगभग 76 प्रतिशत का योगदान दिया जो कि पिछले वर्ष से कुछ अधिक था (चार्ट I.6 क और ख)।

I.13 अप्रैल-अगस्त 2010 की अवधि के दौरान, बुनियादी क्षेत्र के क्षमता उपयोग स्तर ने मिश्रित प्रवृत्ति दर्शाई। पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में जहां उर्वरक और पेट्रोलियम रिफायनरी उत्पादन क्षेत्र ने कुछ उच्च उपयोगिता दर्ज की, वहीं तैयार स्टिल और सीमेंट में कम उपयोगिता देखी गई (सारणी I.4)।

I.14 रिज़र्व बेंक का ऑर्डर बुक्स, इंवेंटरीज और क्षमता उपयोग सर्वेक्षण (ओबीआइसीयूएस) दर्शाता है कि 2009-10 की ति2 से दायराबद्ध रहा क्षमता उपयोग 2010-11 की ति1 के दौरान कम हो गया (चार्ट I.7)।

बुनियादी सुविधाएं

I.15 छह कोर उद्योगों वाले बुनियादी सुविधा क्षेत्र (आइआइपी में 26.6 प्रतिशत कुल भारांक) ने अप्रैल-सितंबर 2010-11 के दौरान 4.0 प्रतिसत वृद्धि दर्ज की जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में (4.5 प्रतिशत) कुछ कमी दर्शाता है। (चार्ट I.8 क और ख)। इस अवधि में बुनियादी सुविधा क्षेत्र में वृद्धि कच्चे तेल, पेट्रोलियम रिफायनरी और तैयार इस्पात से प्रेरित थी, वहीं अप्रैल-सितंबर 2009-10 की तुलना में सीमेंट, बिजली और कोयला उत्पादन में कम वृद्धि

सारणी I.4: बुनियादी ढांचा क्षेत्र में क्षमता उपयोग

(प्रतिशत)

क्षेत्र	अप्रैल-अगस्त	
	2009-10	2010-11
1	2	3
तैयार स्टील (सेल +वीएसपी+ टाटा स्टील)	88.9	87.0
सीमेंट	84.0	77.0
उर्वरक	92.3	92.9
पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पादन	103.2	104.1

स्रोत : बुनियादी ढांचा क्षेत्र के प्रदर्शन पर कैप्सूल रिपोर्ट (अप्रैल 2009- अगस्त 2010), एमओएसपीआइ, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वय मंत्रालय भारत सरकार।

चार्ट I.7: क्षमता उपयोग



हुई थी। कोर बुनियादी सुविधा वृद्धि औद्योगिक वृद्धि की गति से कम बनी रही। प्राथमिक साक्ष्य दर्शाते हैं कि कोर बुनियादी सुविधा उद्योगों और आइआइपी पूंजीगत माल के बीच इस संबंध में गिरावट का आंशिक कारण कच्चे तेल, इस्पात और कोयले के आयात में वृद्धि होना है। बुनियादी सुविधा उद्योगों, विशेष रूप से बिजली उत्पादन, में वृद्धि की गति के चालू स्तर को सुधारना आवश्यक है ताकि उद्योगों की मजबूत वृद्धि बनी रहे।

I.16 अप्रैल-सितंबर 2010 के दौरान बिजली उत्पादन ने 4.0 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह वृद्धि 6.4 प्रतिशत थी। कोयला बिजली उत्पादन में 2.7 प्रतिशत वृद्धि हुई जिसका मुख्य कारण वायु आधारित उत्पादन में तेज वृद्धि (8.5 प्रतिशत) था। कोयला बिजली उत्पादन में बाधा आने का कारण कोयले की कमी था। नैसर्गिक वायु उत्पादन, जो कि कोर बुनियादी सुविधा सूचकांक में नहीं है, अप्रैल-सितंबर 2010 के दौरान 25.2 प्रतिशत बढ़ा जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह वृद्धि 28.2 प्रतिशत थी जिसका कारण कृष्णा-गोदावरी (केजी) क्षेत्र के डी6 प्रखंड से अधिक उत्पादन था।

सेवा क्षेत्र

I.17 सेवा क्षेत्र की वृद्धि ने 2010-11 की ति में पिछली दोनों तिमाहियों और पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में और बढ़त दर्ज की (चार्ट I.9)। 'व्यापार, होटल, रेस्तरा, भंडारण और संचार' घटक में वृद्धि हाल की तिमाहियों में मजबूत रही है।

चार्ट I.8:बुनियादी ढांचा उद्योगों में वृद्धि



चार्ट I.9: सेवा क्षेत्र की तिमाही वृद्धि की प्रवृत्तियां



I.18 वाणिज्यिक वाहन उत्पादन, सेल फोन कनेक्शन, एयर कार्गो और देशी और अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डों पर हैंडल किए गए यात्री जैसे सेवा क्षेत्रों के प्रमुख संकेतक इस वर्ष में अब तक तेजी से बढ़े हैं (सारणी I.5)। निर्माण कार्य का एक प्रमुख संकेतक सीमेंट उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में कुछ कमजोर दिखता है।

I.19 सारांश के रूप में, आपूर्ति पक्ष में, खरीफ मौसम 2010-11 के दौरान कृषि उत्पादन पिछले वर्षों की तुलना में बेहतर रहने के अनुमान के बावजूद, यह 2008-09 और 2007-08 में प्राप्त स्तर से पीछे रह सकता है जबकि मांग में वृद्धि होती रहेगी। समग्र मांग में वृद्धि और उपभोग पद्धति में बदलाव से प्रोटीन-आधारित खाद्य

सारणी I.5: सेवा क्षेत्र के कार्यकलाप के संकेतक

(प्रतिशत वृद्धि)

संकेतक	2007-08	2008-09	2009-10	अप्रैल-अगस्त 2009-10	अप्रैल-अगस्त 2010-11
1	2	3	4	5	6
पर्यटक आगमन $	12.2	-3.3	3.5	-2.9	8.5
वाणिज्यिक वाहनों का उत्पादन $	4.8	-24.0	35.9	-7.4	46.8
सीमेंट	8.1	7.2	10.5	13.4	4.6
स्टील	6.2	1.6	4.9	1.9	3.5
रेलवे की राजस्व अर्जक माल ढुलाई $	9.0	4.9	6.6	6.6	2.3
सेलफोन कनेक्शन	38.3	80.9	47.3	95.3	32.8
प्रमुख बंदरगाहों में हैंडल किए गए कार्गो	12.0	2.2	5.7	1.8	0.6
नागरिक उड्डयन					
हैंडल किए गए निर्यात कार्गो	7.5	3.4	10.4	4.0	21.3
हैंडल किए गए आयात कार्गो	19.7	-5.7	7.9	-9.0	28.2
अंतरराष्ट्रीय टर्मिनलों पर हैंडल किए गए यात्री	11.9	3.8	5.7	1.8	13.0
देशी टर्मिनलों पर हैंडल किए गए यात्री	20.6	-12.1	14.5	2.4	17.9

$: आंकड़े अप्रैल- सितंबर से संबंधित हैं।

स्रोत: पर्यटन मंत्रालय, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारतीय अटोमोबाइल विनिर्माताओं की सोसाइटी (एसआइएएम)।

मदों और विनिर्मित खाद्य मदों का अधिक उत्पादन आवश्यक हो जाएगा ताकि मुद्रास्फीति नियंत्रित रखी जा सके। मांग-आपूर्ति में बेमेल बढ़ने से, खाद्य मुद्रास्फीति पर सामान्य मानसून का अपेक्षित मंदीकारी प्रभाव शायद सत्य सिद्ध न हो, जब तक कि रबी उत्पादन में काफी सुधार न हो और खाद्य प्रबंधन पर नीति में बेहतर आपूर्ति प्रबंधन पर फोकस न किया जाए। दूध, मांस, मछली और अंडे जैसी प्रमुख खाद्य मदों से उभरने वाली उच्च मुद्रास्फीति को रोकने के लिए पशुधन और संबंधित क्षेत्रों को लगातार सुधार दर्शाना होगा। औद्योगिक क्षेत्र वृद्धि दर में अस्थिर प्रवृत्ति दर्शाता है जो दो अंकीय प्रवृत्ति बनी रहने पर प्रश्न चिह्न लगाता है। क्षमता उपयोग की प्रवृत्ति भी कुछ कमी दर्शाती है। इससे आगे, औद्योगिक क्षेत्र के वर्तमान उछाल को बनाए रखने के लिए बुनियादी सुविधा उद्योग, विशेष रूप से बिजली, कोयला, तेल और वायु को विशेष प्रोत्साहन देना होगा। वर्तमान बाह्य वातावरण को देखते हुए सस्ता आयात भी देशी विनिर्माण कार्यों से प्रतिस्पर्धा कर सकता है। सेवा क्षेत्र ने लगातार वृद्धि दर्शाई है और प्रमुख संकेतक भावी गति के सहायक बने रहे हैं।